पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में रक्षाबंधन

रक्षाबंधन से अभिभूत राज्यपाल ने कहा कि ‘‘कलाई छोटी पड़ गई’’

लखनऊः 26 अगस्त, 2018

रक्षाबंधन के पर्व पर आज राजभवन में अनेक संगठनों एवं बहनों द्वारा राज्यपाल श्री राम नाईक को राखी बांधी गई। राखी बांधने वालों में नवयुग रेडियन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें, दिव्यांग डेव्हलपमेंट सोसायटी, कानपुर की दिव्यांग बच्चियां, साक्षी फाउंडेशन की साक्षी विद्यार्थिनी, हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाईड असोसिएशन, उ0प्र0 संस्था की बच्चियां, राष्ट्रीय सेविका समिति की श्रीमती परिपूर्णिमा सिंह, केंद्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी की बहन तनवीर रिज़वी व अन्य बहनें भी सम्मिलित थीं।

राज्यपाल ने रक्षासूत्र बंधवाने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ‘‘इतनी राखियां बंधी कि कलाई छोटी पड़ गई।’’ उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहनों के लिए प्यार और पारस्परिक संपर्क बढ़ाने का पर्व है। हमें अपनी आधी आबादी को आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। देश में महिलाओं का चित्र बदल रहा है। पूर्व में केवल शिक्षिका या नर्स की नौकरी करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। गत वर्ष के दीक्षान्त समारोह में 51 प्रतिशत उपाधियां छात्राओं को मिली हैं तथा 66 प्रतिशत स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक बेटियांे ने प्राप्त किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की ‘सबको शिक्षा अभियान‘ तथा वर्तमान प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की योजना ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’ का परिणाम साफ दिख रहा है। इस बदलते चित्र के बावजूद महिलाओं के प्रति कुछ अप्रिय घटना देखने और सुनने को मिलती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध को रोकने के लिए समाज को आगे आना होगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (328/35)